# कार्यालय प्राचार्य
# शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## मनेन्द्रगढ़, जिला – एमसीबी (छ.ग.)

College Code – 3703

E-mail – vivekanandcollage1973@gmail.com/vnpgcin@gmail.com

Website – www.vnpgc.in


पत्र क्रमांक/635/स्था./25 मनेन्द्रगढ़ दिनांक 15/09/2025

**//प्रेस विज्ञप्ति//**

कार्यालय कलेक्टर जिला खनिज संस्थान न्यास का पत्र क्रमांक/362/जि.क.न्यास/2025मनेन्द्रगढ़ दिनांक 17.07.2025 के आलोक में जिले के इच्छुक विद्यार्थियों हेतु CUET PG परीक्षा तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग मार्गदर्शन व्यवस्था हेतु निबंधित कंपनी/फर्म्स/एजेन्सी/स्वयंसेवी संस्था के चयन के लिए नियमानुसार निर्धारित प्रारूप में रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) दिनांक 05 सितम्बर 2025 तक कार्यालयीन समय में रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की गई थी। उक्त समयावधि में प्राप्त निविदा आवेदनों के अपात्र होने के कारण चयन समिति द्वारा पूर्व में प्राप्त आवेदनों को निरस्त कर उक्त पत्र क्रमांक के आलोक में पुनः निविदा आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। इच्छुक आवेदक नियमानुसार निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन सीलबन्द लिफाफे में **दिनांक 03 अक्टूबर 2025** तक कार्यालयीन समय में रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय प्राचार्य, शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय, झगराखाण्ड रोड, मनेन्द्रगढ़ जिला–एमसीबी, छ.ग. पिन – 497442 में प्रेषित कर सकते है। **रूचि की अभिव्यक्ति की विस्तृत विवरणी, शर्तें एवं आवेदन का प्रारूप महाविद्यालय के वेबसाईट www.vnpgc.ac.in में देखी जा सकती है।** किसी भी शंका के समाधान हेतु कार्यालयीन अवधि के दौरान शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में सम्पर्क किया जा सकता है।

15.09.25

Principal
प्राचार्य
Govt. Vivekanand P.G. College
Manendragarh,
Dist.- M.C.B. (C.G)

पृ. क्रमांक/ /स्था./25 मनेन्द्रगढ़ दिनांक /09/2025

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर महोद्य, जिला– मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Principal
प्राचार्य
Govt. Vivekanand P.G. College
Manendragarh,
Dist.- M.C.B. (C.G)

# शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## मनेन्द्रगढ़, जिला — एमसीबी (छ.ग.)

## आवेदन पत्र

1. संस्था का नाम :—..............................................................................................
2. पूर्ण पता :—..............................................................................................
3. दूरभाष एवं फैक्स नम्बर :—..............................................................................................
4. ई—मेल :—..............................................................................................
5. संस्था का पंजीयन क्रमांक :—..............................................................................................
6. संस्था के सदस्यों की सूची :—..............................................................................................
7. संस्था का संचालन अनुभव :— ..............................................................................................
8. संबंधित कार्यक्षेत्र का अनुभव :— ..............................................................................................
9. क्या संस्था द्वारा वर्तमान में शैक्षणिक :— ..............................................................................................
   क्षेत्र में किसी परियोजना का संचालन किया ..............................................................................................
   जा रहा है ? (यदि हां तो दस्तावेज संलग्न करें।) ..............................................................................................
10. संस्था का गत् 02 वर्ष का CA द्वारा :— ..............................................................................................
    अंकक्षेण प्रतिवेदन (वर्ष 2022—23 एवं 2023—24)

11 संस्था का TIN/PAN नं. :—..............................................................................................

12. उदधृत् शुल्क (Quoted Price) :— ..............................................................................................
    प्रति छात्र अनुसार

13. सुरक्षा निधि हेतु बिना लौटाने योग्य ड्राफ्ट :— ..............................................................................................
    (छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम 2002 अनुसार)

टीप :— चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा एवं आवेदन पत्र के साथ समस्त दस्तावेज सत्यापित कर संलग्न करें।

संस्था प्रमुख के हस्ताक्षर<br>
(पद मुद्रा सहित)

## //घोषणा पत्र//

एतद् द्वारा आवेदन निबंधित कंपनी/फर्म्स/एजेन्सी/स्वयंसेवी संस्था यह घोषणा करता/करती है कि आवेदक फर्म को किसी शासकीय/अशासकीय संस्था द्वारा काली सूची (Blacklisted) में दर्ज नहीं होने एवं पूरे भारतवर्ष अंतर्गत किसी भी शासकीय कार्यालय द्वारा कार्य आबंटित होने के बाद कार्य से असम्बद्ध या हटाया नही गया है तथा उपरोक्त आवेदन पत्र में प्रस्तुत समस्त जानकारी सत्य एवं सही है। आवेदक निबंधित कंपनी/फर्म्स/एजेन्सी/स्वयंसेवी संस्था चयन की स्थिति में निविदा की समस्त शर्तों/निर्देशों का पालन करूँगा/करूँगी।

स्थान :–

दिनांक :–

संस्था प्रमुख के हस्ताक्षर<br>(पदमुद्रा सहित)

**रूचि की अभिव्यक्ति में भाग लेने वाली संस्थाओं हेतु अर्हतायें**

1. आवेदक कोई भी निबंधित कंपनी/फर्म्स/एजेन्सी/स्वयंसेवी संस्था हो सकता है जो न्यूनतम 02 वर्ष से पूरे भारतवर्ष के किसी भी राज्य कार्यरत हो।
2. संस्था द्वारा शैक्षणिक सेवा/कोचिंग का माध्यम ऑनलाईन/ऑफलाईन/हाइब्रिड हो सकता है।
3. छत्तीसगढ़ शासन भंडार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित) के उपनियम 4.7.1 के अनुसार 03 प्रतिशत सुरक्षा निधि का आर.बी.आई. द्वारा अधिसूचित, वाणिज्यिक बैंक का प्राचार्य, शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के पदनाम से निविदा प्रकाशन के बाद की तिथि का बिना लौटाने योग्य ड्रॉफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है। उक्त सुरक्षा निधि की राशि परियोजना कार्य की समाप्ति के पश्चात अंतिम भुगतान के साथ लौटाई जायेगी।
4. आवेदक को पैन कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा विगत् 02 वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 का ऑडिट रिपोर्ट संलग्न करना होगा।

**चयन की प्रक्रिया**

1. चयन प्रक्रिया के लिए तिथि निम्न तालिकानुसार घोषित है–

| स.क्र. | विवरण | निर्धारित दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन जारी करने की तिथि (संबंधित जानकारी महाविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध है) | 15 सितम्बर 2025 |
| 2 | निविदा जमा करने अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से ) | 03 अक्टूबर 2025 |
| 3 | अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 06 अक्टूबर 2025 (संभावित तिथि) |
| 4. | दावा आपत्ति का समय (कार्यालयीन समय 10:30 से 05:30) | अनंतिम सूची जारी करने के 03 दिवस के भीतर |
| 5. | ऑनलाईन/ऑफलाईन प्रस्तुतिकरण (संभावित तिथि) | 13 एवं 14 अक्टूबर 2025 |

2. आवेदक का चयन उद्धृत शुल्क (Quoted Price), शैक्षणिक अनुभव एवं ऑनलाईन/ऑफलाईन प्रस्तुतिकरण के आधार पर किया जायेगा।

3. चयन प्रक्रिया का मापदण्ड न्यूनतम 50 विद्यार्थियों के बैच आकार में कुल 100 अंको पर निर्भर होगा जिसकी गणना निम्न तालिका अनुसार की जायेगी।

| क्र. | मापदण्ड | अंक | गणना विधि |
|---|---|---|---|
| 1 | उद्धृत शुल्क (Quoted Price) न्यूनतम उद्धृत शुल्क (Min. Quoted Price) अथवा अधिकतम उद्धृत शुल्क (Max. Quoted Price) | 40 अंक अथवा 20 अंक | अधिकतम उद्धृत शुल्क को 20 अंक तथा न्यूनतम उद्धृत शुल्क को 40 अंक दिये जायेंगे। अन्य उद्धृत शुल्क की गणना निम्न सूत्र के आधार पर की जायेगी।<br>1. X= (Max. Quoted Price - Min. Quoted Price) / 20<br>2.Marks for Other Quoted Price = 20 + (Max. Quoted Price - Other Quoted Price) / X |
| 2 | शैक्षणिक अनुभव (Academic Experience) | 20 अंक | 04 अंक प्रतिवर्ष के अनुभव के आधार पर अधिकतम 20 अंक तक दिये जायेंगे। |
| 3 | ऑनलाईन/ऑफलाईन प्रस्तुतिकरण (Presentation) | 40 अंक | दस्तावेज पीपीटी सामग्री गत् वर्ष के रिजल्ट संप्रेषण एवं सूचना तथा विद्यार्थी पंजीयन के आधार पर समिति द्वारा निर्णय लिया जायेगा। |

4. रूचि की अभिव्यक्ति के प्राप्त आवेदनों में से चयनित आवदनों की अनंतिम सूची का प्रकाशन 03 दिवस की भीतर दावा आपत्ति हेतु कार्यालयीन समय में शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी में प्रस्तुत किया जा सकेगा। प्राप्त दावा आपत्ति के यथोचित निराकरण उपरान्त अंतिम चयन सूची जारी की जायेगी।

5. अंतिम निर्णय चयन समिति के द्वारा लिया जायेगा जो सर्वमान्य होगा।

15.09.25

Principal
Govt. Vivekanand P.G. College
Manendragarh,
Dist.- M.C.B. (C.G.)

**सामान्य शर्तें एवं दायित्व**

1. आवेदन में उपलब्ध कराये गये सभी कागजात स्वहस्ताक्षरित एवं क्रमांकित कर आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निर्धारित तिथि पर भेजे। सफल आवेदक को चयन उपरान्त इकरारनामा करना होगा।

2. अधूरा/सशर्त निविदा, फैक्स या ई–मेल से दिये गये निविदा तथा निर्धारित तिथि एवं समय उपरान्त प्राप्त निविदा को स्वीकार नही किया जायेगा।

3. सफल आवेदक को आवेदन खुलने के उपरान्त यदि अपूर्ण/बगैर हस्ताक्षर/बगैर मुहर के आवेदन पाया जाता है तो उसे स्वीकार नही किया जायेगा।

4. आवेदक द्वारा आवेदन में संलग्न एवं अनुबंध अवधि के दौरान यदि किसी संलग्न/प्रस्तुत कागजात/दस्तावेज/प्रमाणपत्र/विवरणी अनुचित माध्यम से प्राप्त, असत्य अथवा स्वरचित पाया जाता है तो आवेदक के विरूद्ध विधिसम्बद्ध कार्यवाही की जायेगी।

5. कोचिंग के दौरान संस्था द्वारा यदि किसी विद्यार्थी की गोपनीय जानकारी किसी अन्य उद्देश्य से साझा की जाती है या किसी प्रकार का डिजिटल स्कैम या धोखाधड़ी में लिप्त पाया जाता है तो इस दशा में समस्त जवाबदारी संबंधित निबंधित कंपनी/फर्म्स/एजेन्सी/स्वयंसेवी संस्था की होगी।

6. कोचिंग हेतु चयनित निबंधित कंपनी/फर्म्स/एजेन्सी/स्वयंसेवी संस्था चयन के बाद यदि सेवा सेवा प्रदान करने से मना करता है या समय–सीमा में सेवा शुरू नही करता है अथवा बीच में छोड़कर चला जाता है तो ऐसी दशा में डिपोजिट राशि वापस नही होगी एवं शेष राशि का भुगतान नही किया जायेगा।

7. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में विवार का निपटारा व्यवहार न्यायालय मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर जिले के क्षेत्राधिकार में होगा।

उपरोक्तानुसार समिति द्वारा अनुशंसा की जाती है :–

1. डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती (प्राचार्य) – अध्यक्ष
2. डॉ. अरूणिमा दत्ता (सहायक प्राध्यापक) – सदस्य
3. श्री सुशील कुमार छात्रे (सहायक प्राध्यापक) – सदस्य
4. श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव (लेखा–शाखा प्रभारी) – सदस्य
5. श्रीमती स्मृति अग्रवाल (सहायक प्राध्यापक) – सदस्य सचिव –

15/09/25

**Principal**
Govt. Vivekanand P.G. College
Manendragarh,
Dist.- M.C.B. (C.G.)